हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 1 अप्रैल 2026


तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री


11 दरभा ब्लॉक में विकास कार्यों को मिली गति विधायक ...





12 संतों ने जियो और जीने दो का दिया संदेश...






## खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के दूसरे दिन एथलीटों ने दिखाया दम

# असम के खिलाड़ी ने 16 सेकंड में बाधा दौड़ की पूरी, जीता स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

धरमपुरा स्थित क्रीड़ा परिसर में आयोजित 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स-2026' के अंतर्गत मंगलवार को एथलेटिक्स की स्पर्धाओं ने दर्शकों में भारी उत्साह भर दिया। जनजातीय युवाओं के कौशल और शारीरिक दक्षता को समर्पित इस आयोजन के दूसरे दिन प्रातः कालीन विभिन्न स्पर्धाओं में रोमांच का माहौल रहा। पुरुष वर्ग की बाधा दौड़ में असम के खिलाड़ी त्रैलोक्य मसरोंग ने अपनी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए मात्र 15.85 सेकंड में स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। स्पर्धा में तेलंगाना के सपावत दत्तू ने 16.65 सेकंड के साथ रजत और त्रिपुरा के हरि मोहन त्रिपुरा ने 16.82 सेकंड का समय निकालकर कांस्य पदक अपने नाम किया।

- 100 मीटर दौड़ में छत्तीसगढ़ के बर्सेल 10.87 मिनट के साथ हासिल किया रजत

इसके अलावा पुरुषों की 100 और 400 मीटर दौड़ में काँटे की टक्कर देखने को मिली। 400 मीटर दौड़ में गुजरात के एथलीट संतोषभाई उत्तमभाई गनवित ने 49.332 सेकंड में दौड़ पूरी कर शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि ओडिशा के नोबल कुमार किसान महज 49.335 सेकंड के मामूली अंतर से पिछड़कर दूसरे स्थान पर रहे, तीसरे स्थान पर कर्नाटक राज्य के रामू रहे। 100 मीटर दौड़ में झारखंड के शिव कुमार सोरेन 10.58 मीटर में स्वर्ण, छत्तीसगढ़ राज्य के तिलक बर्सेल 10.87 के साथ दूसरे रजत और ओड़िसा के अतीश किंडो ने 10.91 के साथ



तीसरा स्थान हासिल किया। इसी तरह पुरुषों की लंबी कूद में लक्षद्वीप के अब्दुल फतह एनएम ने 7.03 मीटर की शानदार छलांग लगाकर स्वर्ण पदक जीता, तो वहीं ओडिशा के भीमा सरदार और जीवन मुक्ति बिलुंग ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। मैदानी स्पर्धाओं में शक्ति प्रदर्शन का दौर जारी रहा, जहाँ पुरुष वर्ग की तवा फेंक (डिस्कस थ्रो) स्पर्धा में गुजरात के मकवाना दानिश दिलीपभाई ने 44.83 मीटर की दूरी तय कर स्वर्ण पदक जीता। छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का क्षण तब आया जब स्थानीय खिलाड़ी सिद्धार्थ नागेश ने 35.56 के स्कोर के साथ रजत पदक जीतकर घरेलू दर्शकों का उत्साह बढ़ा दिया। तीसरे स्थान पर ओड़िसा के चंद्रय मुर्मू रहे।



### महिला 100 दौड़ में पृथ्वी ने जीता गोल्ड

महिला वर्ग में भी देश की बेटियों ने अदम्य साहस का परिचय दिया। 100 मीटर दौड़ में झारखंड की पृथ्वी ओरव ने 12.73 सेकंड और नागालैंड की रुदुओलहौनुओं बेहो ने 16.81 सेकंड का समय निकालकर दूसरा स्थान हासिल किया। जबकि झारखंड की पुतुल बास्की ने कांस्य पदक जीता।







# सूरज ने उधार के स्पाइक्स पहन जीता 5000 मीटर का दौड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नासिक के एथलेटिक्स ट्रैक पर सूरज माशी और उनके कुछ साथी अक्सर अपने सीनियर खिलाड़ियों को ट्रेनिंग करते हुए बड़े ध्यान से देखते हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि वे सिर्फ देख नहीं रहे होते, बल्कि हर छोटी-बड़ी चीज को समझकर उसे अपनी ट्रेनिंग में लागू करने की कोशिश करते हैं। सूरज उन आदिवासी खिलाड़ियों के समूह का हिस्सा हैं, जो हर महीने कोच की फीस नहीं दे सकते और अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए जो भी मदद मिलती है, उसी पर निर्भर रहते हैं। दौड़ना ही उनका सबसे बड़ा हुनर है, जिसने उन्हें यहां तक पहुंचाया है और जो एक दिन उनकी जिंदगी बदल सकता है। सूरज ने कहा, "कोचिंग फीस 4000 रुपये प्रति माह है, जिसे वह वहन नहीं कर सकता। नासिक में किराये पर रहकर पढ़ाई करता हूं और किराया मुझे महाराष्ट्र और गुजरात में दौड़ों में भाग लेकर मिलने वाली इनामी राशि से ही देना पड़ता है। इसलिए खुद ही ट्रेनिंग करता हूं और जब कहीं अटकता हूं तो सीनियर्स या ट्राइबल विभाग के कोच से सलाह लेता हूं।" यही सूरज खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स की एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पुरुष 5000 मीटर दौड़ में रजत पदक जीतने में सफल रहे। सूरज हर महीने सिर्फ 300 रुपये देकर ट्रेनिंग सुविधा का उपयोग करते हैं और सेकेंड हैंड जूते और स्पाइक्स में अभ्यास करते हैं। उनके स्पाइक्स काफी ⏭ शेष पेज 10 पर

- खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में भाग लेने के लिए एक साथी धावक से स्पाइक्स उधार लेने पड़े

### विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर, कुछ पैसे घर भेजते हैं

सूरज माशी ने बताया कहा, " स्थानीय प्रतियोगिताओं और क्रॉस-कंट्री दौड़ों में भाग लेकर हर महीने करीब 3000 से 5000 रुपये कमा लेता हूं। उसी में से कुछ पैसे बचाकर अपने पिता को भेजता हूं और अपनी पढ़ाई, ट्रेनिंग और बाकी जरूरतें पूरी करता हूं।" इस साल जून में 19 साल के होने वाले सूरज ने 18 साल की उम्र के बाद पुलिस विभाग में नौकरी पाने की भी कोशिश की। उन्होंने ज्यादातर शारीरिक परीक्षण पास कर लिए, लेकिन शॉट पुट में निर्धारित दूरी पूरी नहीं कर पाने के कारण चयन से चूक गए। हालांकि नौकरी पाना अभी भी उनकी प्राथमिकता है, लेकिन सूरज को भरोसा है कि खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में उनके प्रदर्शन से उनकी जिंदगी में सकारात्मक बदलाव आएगा। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र सरकार खेलो इंडिया गेम्स के पदक विजेताओं को नकद पुरस्कार भी देती है।

## खबर संक्षेप

### महापौर और एमआईसी सदस्य ने किया स्वागत



**जगदलपुर।** केंद्रीय युवा एवं खेल राज्य मंत्री भारत सरकार, रक्षा निखिल खडसे का महापौर संजय पांडे व एमआईसी सदस्य संग्राम सिंह राणा ने स्वागत किया।

### तीन चरणों में होगा राजस्व पखवाड़ा का आयोजन

जगदलपुर। राज्य शासन के निर्देशों के परिपालन में बस्तर जिले के समस्त ग्रामों में राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु 'राजस्व पखवाड़ा' का आयोजन किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण अभियान के तहत जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में विशेष शिविरों का आयोजन तीन अलग-अलग चरणों में संपन्न होगा। कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार, प्रथम चरण 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक संचालित किया जाएगा, जबकि द्वितीय चरण 4 मई से 18 मई और तृतीय चरण 1 जून से 15 जून तक नियत किया गया है। कलेक्टर आकाश छिकारा के नेतृत्व में इस अभियान की सफलता के लिए प्रशासनिक स्तर पर व्यापक तैयारियां की गई हैं, जिसमें सभी तहसीलदारों को उनके संबंधित क्षेत्रों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### कालोनीवासियों ने कराया पार्क व टंकी की सफाई



**जगदलपुर।** शहर के धरमपुरा रोड स्थित पुराना हाऊसिंग बोर्ड के पार्क एवं पानी टंकी की सफाई वर्षों से नहीं होने से कालानीवासी परेशान रहे। कालोनीवासी सतेन्द्र सिंह भदौरिया, महेश कुमार पटेल, हेमंत डोंगरे ने बताया कि कालोनी के पार्क एवं टंकी को सफाई करने के लिए निगम कई बार आग्रह किया गया, लेकिन कोई ध्यान नहीं देने से कालोनीवासियों ने चंदा लेकर बोर्ड के पार्क एवं पानी टंकी की सफाई कर रहे हैं। सतेन्द्र सहित लोगों ने बताया कि कालोनी के पार्क में बच्चे खेलते हैं, जहां कचरा के चलते लोग परेशान रहे। वहीं टंकी के गंदे पानी का उपयोग से भी परेशान रहे, इस ओर वार्ड के पार्षद का भी ध्यान नहीं है। उन्होंने बताया कि कालोनी के सभी पार्कों की सफाई करेंगे, जिससे कालोनीवासियों को राहत मिल सके।

# 16 लाख के दो ईनामी माओवादी ने छोड़ा हिंसा का रास्ता

**दोरनापाल।** नक्सल मुक्त बस्तर के संकल्प की तय समय-सीमा के आखिरी दिन सुकमा जिले में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। लगातार चलाए जा रहे सघन सर्चिंग अभियान के दबाव में माओवादियों द्वारा जंगलों में छिपाकर रखा गया भारी मात्रा में कैश और हथियारों का डंप बरामद किया गया, वहीं केकेबीएन डिवीजन (ओडिशा) में सक्रिय दो ईनामी महिला माओवादी कैडर ने हिंसा का रास्ता छोड़ आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटने का फैसला किया।

- 10 लाख नगद और ऑटोमैटिक हथियार बरामद

जानकारी के अनुसार सुरक्षा बलों ने विशेष अभियान चलाते हुए जंगल क्षेत्र से कुल 10 लाख नगद सहित इंसास एलएमजी, एके-47 और 303 जैसी ऑटोमैटिक राइफलें बरामद की हैं। यह डंप माओवादियों द्वारा सुरक्षा बलों के बढ़ते दबाव के चलते छिपाकर रखा गया था। बरामद सामग्री में नगद 10 लाख, इंसास, एलएमजी राइफल 1, एके-47 राइफल 2, 303 राइफल 3, एके - 47 के 14 राउंड, 303 के 13 राउंड हैं। इसी दौरान




पूना मार्गेम अभियान के प्रभाव से प्रभावित होकर दो महिला माओवादी कैडर ने आत्मसमर्पण कर दिया। जनिला उर्फ मड़कंम हिंडमे 30 वर्ष निवासी एलगुंडा तथा सोनी उर्फ माड़वी कोसी 24 वर्ष निवासी गोरगुंडा पर 8-8 लाख का ईनाम घोषित था। दोनों केकेबीएन डिवीजन की कंपनी नंबर 8 में सक्रिय पार्टी सदस्य के रूप में कार्यरत थीं। इनका आत्मसमर्पण आईजी पी. सुंदरराज, डीआईजी आनंद राजपुरोहित, एसपी किरण चव्हाण सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में रक्षित आरक्षी केंद्र सुकमा में हुआ। एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि जिले में माओवादी संगठन लगभग समाप्ति की ओर है और ⏭ शेष पेज 10 पर

### डेडलाइन का दिखा असर

31 मार्च 2026 नक्सल मुक्त बस्तर अभियान की तय डेडलाइन का अंतिम दिन रहा और इस दिन सामने आई यह सफलता इस बात का संकेत है कि लगातार दबाव, विकास कार्यों और पुनर्वास नीति के प्रभाव से माओवादी संगठन कमजोर पड़ रहे है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक जिले में सुरक्षाबलों की संयुक्त कार्रवाई और स्थानीय स्तर पर बढ़ते विश्वास के कारण माओवादी या तो आत्मसमर्पण कर रहे हैं या फिर अपने ठिकाने छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं।

# विशेषज्ञों ने दी आधुनिक तकनीकों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

राष्ट्रीय गोकुल मिशन के अंतर्गत सोमवार को जगदलपुर स्थित वेटरनरी पॉलिटेक्निक में संभागीय किसान पशुपालक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। पशु चिकित्सा सेवाएं विभाग द्वारा आयोजित इस संगोष्ठी में बस्तर संभाग के विभिन्न जिलों से आए लगभग सौ पशुपालक किसानों ने उत्साहपूर्वक अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पशुपालकों को आधुनिक वैज्ञानिक पद्धतियों और शासकीय योजनाओं से जोड़कर उनकी आय में वृद्धि करना था। संगोष्ठी के दौरान विषय विशेषज्ञों ने किसानों को पशुपालन के विभिन्न तकनीकी पहलुओं से अवगत कराया। डॉ पीएस देशमुख ने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी, तो वहीं डॉ योगेश देवांगन ने राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान और नस्ल सुधार कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डाला। पशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में डॉ. विवेक नायक ने हीट डिटेक्शन, थनैला (मास्टाइटिस) एवं थैलीरियोसिस जैसे रोगों के लक्षणों व बचाव के उपाय साझा किए। पशु प्रबंधन की कड़ी में डॉ पीआरएस नेगी ने दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए हरे चारे और संतुलित आहार की आवश्यकता पर बल दिया। इसके साथ ही डॉ केके देव ने प्रदेश में सक्रिय मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई की सेवाओं और डॉ मुकेश शर्मा ने प्रयोगशाला में बीमारियों की जांच संबंधी सुविधाओं के बारे में किसानों को जागरूक किया।

- राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत पशुपालक संगोष्ठी आयोजित



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला पंचायत के कृषि सभापति कामदेव बघेल ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन किसानों के सर्वांगीण विकास के लिए मील का पत्थर साबित होते हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व की अपेक्षा वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन में कमी आई है, इसलिए यह आवश्यक है कि किसान कृषि के साथ-साथ पशुपालन को सहायक व्यवसाय के रूप में अपनाकर अपनी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करें। उन्होंने सभी पशुपालकों से अपील की कि वे विभागीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए अपने नजदीकी पशु चिकित्सा संस्थानों से निरंतर संपर्क में रहें। संयुक्त संचालक डॉ. डीके नेताम के मार्गदर्शन में संपन्न हुए इस कार्यक्रम में उन्होंने पशुपालकों को आधुनिक तकनीकों और कृत्रिम गर्भाधान को बढ़ावा देने हेतु प्रेरित किया।




## खबर संक्षेप

### कांग्रेस बूथ स्तर तक मजबूती पर दिया जोर



**दुर्गूकोंदल।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्गूकोंदल द्वारा संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने के उद्देश्य से बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से संगठन के विस्तार और सुदृढ़ीकरण पर जोर दिया गया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को हर ग्राम पंचायत तक मजबूत बनाना ही संगठन की प्राथमिकता है। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाना और हर पंचायत में सक्रिय कार्यकर्ताओं की नियुक्ति सुनिश्चित करना रहा।

### नवजात को बाथरुम में फेंका अज्ञात पर दर्ज हुआ मामला

**कांकेर।** पखांजूर थाना क्षेत्र में एक गंभीर मामला सामने आया है। मर्ग क्रमांक 46/2025 धारा 194 बीएनएसएस के तहत प्राप्त डायरी के आधार पर पुलिस द्वारा जांच की गई। प्रधान आरक्षक रविन्द्र ठाकुर द्वारा मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया गया। जांच व पीएम रिपोर्ट के आधार पर यह पाया गया कि किसी अज्ञात महिला द्वारा जन्म को छुपाने के उद्देश्य से नवजात को बाथरूम में फेंका गया। उक्त कृत्य को अपराध मानते हुए धारा 94 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

### महावीर जन्मकल्याणक पर निकला जुलूस



**भानुप्रतापपुर।** नगर भानुप्रतापपुर में भगवान महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक महोत्सव के पावन अवसर पर जैन समाज द्वारा निकाले गए भव्य एवं आकर्षक जुलूस ने पूरे शहर को भक्ति और उल्लास के रंग में रंग दिया। श्रद्धा, उत्साह और अनुशासन का अद्भुत संगम इस आयोजन में देखने को मिला, जहां समाज के लोग, महिलाएं और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। जुलूस के दौरान भगवान महावीर के अहिंसा, सत्य और करुणा के संदेश का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। भक्तों ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ भाग लेकर इस महोत्सव को यादगार बना दिया। नगर में इस आयोजन को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला, जिसने सामाजिक समरसता और धार्मिक एकता का सुंदर संदेश दिया। जुलूस के मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया, जिससे वातावरण और भी भक्तिमय हो उठा। इस दौरान गोपाल मित्र मंडली ने विशेष रूप से जुलूस का स्वागत कर सेवा भावना की मिसाल पेश की। मंडली के सदस्यों ने जुलूस में शामिल लोगों का अभिनंदन करते हुए शीतल पेय की व्यवस्था की, जिससे तेज गर्मी में लोगों को राहत मिली। इस सराहनीय पहल की सभी ने खुलकर प्रशंसा की। मंडली के सदस्य समय-समय पर सामाजिक एवं धार्मिक आयोजनों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं और सेवा कार्यों में हमेशा अग्रणी रहते हैं।

# भगवान की लीला मनुष्य को धर्म, सत्य और भक्ति के लिए करती है प्रेरित

## वृंदावन से आए कथा व्यास पं. जय श्री ने सुनाई श्रीकृष्ण लीलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

पण्डरीपानी भक्ति, आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र बना हुआ है। नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा एवं हनुमान प्रकटोत्सव का आयोजन 2 अप्रैल तक अत्यंत भव्य और श्रद्धामय वातावरण में जारी है। पण्डरीपानी तालाब के समीप आयोजित इस धार्मिक आयोजन में प्रतिदिन श्रद्धालु पहुंचकर कथा श्रवण कर रहे हैं और धर्म लाभ अर्जित कर रहे हैं।

आयोजन की शुरुआत 25 मार्च को कलश यात्रा के साथ हुई, जिसमें ग्राम की महिलाओं एवं श्रद्धालुओं ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लेकर पूरे गांव को भक्तिमय बना दिया। भक्ति गीतों और जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। आयोजन समिति के अनुसार यह कार्यक्रम शीतला माता एवं महानदी तट पर विराजमान शिव-पार्वती की कृपा से संपन्न हो रहा है। कथा वाचन के लिए वृंदावन धाम से आए सुप्रसिद्ध कथा व्यास पंडित जय श्रीकृष्ण शास्त्री महाराज अपने मधुर, प्रभावशाली और भावपूर्ण प्रवचनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर रहे हैं। प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक चलने वाली कथा में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं से लेकर उनके दिव्य चरित्र का विस्तारपूर्वक वर्णन किया जा रहा है। 30 मार्च को आयोजित रुक्मणी विवाह का प्रसंग विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। कथा व्यास ने भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मणी के दिव्य विवाह का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया, जिसमें भक्तिभाव और प्रेम का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस प्रसंग ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया और पूरा पण्डाल जय श्रीकृष्ण के जयघोष से गूंज उठा। कथा के दौरान बताया गया कि भगवान श्रीकृष्ण ने किस प्रकार गोवर्धन पर्वत उठाकर ब्रजवासियों की रक्षा की और अहंकार का नाश किया। साथ ही तृणावर्त वध, पूतना मोक्ष, ध्रुव चरित्र और प्रह्लाद कथा जैसे प्रसंगों का भी मार्मिक वर्णन किया गया।

### शिक्षाओं को जीवन में अपनाएं

कथा व्यास शास्त्री महाराज ने कहा कि भगवान की प्रत्येक लीला मानव जीवन को धर्म, सत्य और भक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे इन शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाएं।



### शोभायात्रा निकाली जाएगी

आगामी दिनों में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, वामन अवतार, सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष जैसे प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा। आयोजन के अंतिम चरण में भव्य शोभायात्रा, तुलसी वर्षा, गीता पाठ, हवन-पूजन एवं सतधारा पूर्णाहुति के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।

## विरोध : जांच व कार्रवाई की मांग

# बैलगांव में 'एक दूल्हा-दो दुल्हन' शादी पर बवाल, सर्वआदिवासी समाज भड़का

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव



ब्लॉक के ग्राम बैलगांव में एक दूल्हे द्वारा एक साथ दो दुल्हनों से विवाह करने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। सोशल मीडिया में वायरल हुए इस विवाह के वीडियो के बाद अब सर्व आदिवासी समाज ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है।

मंगलवार को फरसगांव स्थित रेस्ट हाउस में आयोजित प्रेसवार्ता में समाज के पदाधिकारियों ने इस विवाह की निंदा करते हुए कहा कि आदिवासी समाज की परंपरा और सामाजिक नियमावली में इस तरह के विवाह को कोई मान्यता नहीं है। उन्होंने बताया कि इस घटना की जानकारी उन्हें सोशल मीडिया और समाचार माध्यमों से मिली, जिसमें दोनों पक्षों के परिजनों और अन्य लोगों की भागीदारी भी सामने आई है। समाज ने स्पष्ट किया कि इस मामले में शामिल लोगों के खिलाफ सामाजिक स्तर पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग भी की गई है।

**दोनों समाज की होगी संयुक्त बैठक :** प्रेसवार्ता में यह भी बताया गया कि जल्द ही आदिवासी समाज और यादव समाज के बीच इस विषय पर संयुक्त बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें आगे की रणनीति तय होगी। समाज के प्रतिनिधियों ने सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो और तस्वीरों को हटाने की भी मांग की है। सर्व आदिवासी समाज ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे ऐसे कृत्यों से बचें और समाज की परंपराओं का सम्मान करें।

### ये रहे उपस्थित

इस दौरान सर्व आदिवासी समाज के ब्लॉक अध्यक्ष ईश्वरलाल कोर्राम, अखिल भारतीय हल्बा समाज छत्तीसगढ़ महासभा अध्यक्ष वीरेंद्र चनाप, गोंडवाना समाज फरसगांव ब्लॉक अध्यक्ष छेरकु नेताम, पूर्व सचिव सुखलाल मरकाम, जिला पंचायत सदस्य जयलाल नाग, पूर्व जिला पंचायत सदस्य शिवलाल मंडावी, जिला उपाध्यक्ष शिवकुमार पात्र, क्षेत्रीय सचिव चैतराम नेताम, बड़ेडोंगर अध्यक्ष मदन सिंह कोलियारा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# पट्टे के लोभ में अंधाधुंध काटे जा रहे हरे- भरे पेड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनोरा

■ नियमों का हवाला देकर संबंधितों की सहमति से गोरखधंधा

पट्टे और पैसों के लालच में गांव, गली, खेत खलिहान में खड़े हरे-भरे फलदार वृक्षों की अंधाधुंध कटाई पूरे क्षेत्र में चल रही है। आम एवं सेमल जैसे वृक्षों की कटाई ज्यादा की जा रही है। अगर यही रफ्तार रही तो फलों का राजा माने जाने वाले आम के पेड़ नाममात्र को रह जाएंगे।

जानकारी के अनुसार राज्य सरकार द्वारा आम, सेमल, नीलगिरी जैसे कुछ वृक्षों की कटाई और निकासी करने में छूट दिए जाने का हवाला देकर वन, राजस्व विभाग, सरपंच व सचिव सहित अन्य लोगों के लिए अब यह आय का एक प्रमुख जरिया बन गया है। इससे परेशान लोगों ने भविष्य की चिंता करते हुए शासन, प्रशासन एवं वन विभाग द्वारा इस धंधे पर रोक लगाने की मांग की है, ताकि हरे भरे पेड़ों को बचाया जा सके।

**गांवों में जाकर करते हैं सौदा :** चर्चा है कि गांव- गांव में जाकर ये लोग वृक्ष मालिक, किसानों से उनके वृक्षों का सौदा करके खुद कटाई करवाते हैं। फिर संबंधित पंचायत के सरपंच, सचिव, पटवारी, वन विभाग के बीट गार्ड, डिप्टी रेंजर जैसे अन्य की सहमति लकड़ी की निकासी करते हैं। इस गोरखधंधे पर निगाह रखने वाले भी जमकर उगाही करते है। सांठगांठ से लकड़ी निकासी करने वाले प्रति ट्रक के हिसाब से उन्हें भी ले- देकर अपना धंधा कर रहे हैं।

# कोड़ेकुसी में बैंक शाखा शुरू करने की मांग हुई तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल



विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत कोड़ेकुसी में प्रस्तावित एस बैंक शाखा को शीघ्र प्रारंभ करने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने आवाज बुलंद की है। लंबे समय से बैंक सुविधा के इंतजार में बैठे ग्रामीण अब प्रशासन और बैंक प्रबंधन से जल्द कार्रवाई की अपेक्षा कर रहे हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि 31 मार्च 2026 तक कोड़ेकुसी में एस बैंक शाखा शुरू करने का आश्वासन दिया गया था। इस दिशा में जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल और ग्राम पंचायत कोड़ेकुसी द्वारा आवश्यक पहल करते हुए बैंक संचालन के लिए भवन की व्यवस्था भी कर दी गई है। भवन पूरी तरह से तैयार है और बैंक शुरू करने के लिए उपयुक्त स्थिति में है। इसके बावजूद अब तक बैंक प्रबंधन की ओर से किसी प्रकार की ठोस पहल नहीं की गई है, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बैंक सुविधा के अभाव में उन्हें छोटी-छोटी वित्तीय जरूरतों के लिए भी दूर-दराज के क्षेत्रों में जाना पड़ता है, जिससे समय और पैसा दोनों की हानि होती है। ग्रामीणों का कहना है कि शासन-प्रशासन द्वारा समय-सीमा तय किए जाने के बावजूद कार्य में देरी होना चिंताजनक है। उन्होंने मांग की है कि बैंक प्रबंधन जल्द से जल्द आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर शाखा का संचालन प्रारंभ करे, ताकि लोगों को बैंकिंग सुविधाओं का लाभ मिल सके।

### नरहरपुर में अवैध महुआ शराब बिक्री पर एक महिला गिरफ्तार



**कांकेर।** जिले में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे उजियारा अभियान के तहत पुलिस ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई करते हुए नरहरपुर क्षेत्र में महुआ शराब की अवैध बिक्री पर शिकंजा कसा है। 31 मार्च को थाना नरहरपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए वार्ड क्रमांक 02 में दबिश दी, जहां एक महिला अपने घर में अवैध रूप से देशी महुआ शराब रखकर बिक्री कर रही थी। पुलिस अधीक्षक निखिल अशोक कुमार राखेचा के निर्देशन, एएसपी योगेश साहू के मार्गदर्शन में चल रही इस मुहिम के तहत निरीक्षक सोमेश सिंह बघेल के नेतृत्व में टीम ने मौके पर पहुंचकर विधिवत तलाशी ली। तलाशी के दौरान 05-05 लीटर की दो जरकीनों में कुल 08 लीटर देशी महुआ शराब बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 800 रुपउए बताई गई है। बरामद शराब को गवाहों की मौजूदगी में जब्त कर पंचनामा तैयार किया गया। मामले में आरोपिया हिमेश्वर मण्डावी 35 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 02 नरहरपुर को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अपराध दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई में सउनि पलदुराम मण्डावी सहित पुलिस टीम के अन्य सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही।

# घोटिया में साहू समाज द्वारा तहसील स्तरीय कर्मा जयंती महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

■ साहू समाज के कार्य अन्य समाजों के लिए प्रेरणादायक : विधायक मंडावी

ग्राम घोटिया में दुर्गुकोंदल साहू समाज द्वारा आयोजित तहसील स्तरीय कर्मा जयंती महोत्सव हर्षोल्लास एवं सामाजिक एकता के वातावरण में हुआ। इस आयोजन में भानुप्रतापपुर की विधायक सावित्री मनोज मंडावी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। वहीं पूर्व विधायक कुरूद लेखराम साहू की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

विधायक सावित्री मंडावी ने साहू समाज को कर्मा जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में आदिवासी समाज के बाद यदि कोई दूसरा बड़ा और संगठित समाज है, तो वह साहू समाज है। उन्होंने समाज द्वारा कुप्रथाओं को समाप्त करने और सामाजिक सुधार की दिशा में किए गए प्रयासों की सराहना करते हुए इसे अन्य समाजों के लिए प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर विधायक ने साहू समाज की मांग को स्वीकार करते हुए ग्राम घोटिया में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 6.50 लाख रुपए की घोषणा की। इस घोषणा से उपस्थित समाजजनों में उत्साह का माहौल देखा गया और लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका स्वागत किया।

### ये हुए शामिल

कार्यक्रम में साहू समाज के जिला अध्यक्ष बंशीलाल साहू, तहसील अध्यक्ष अरूण साहू, जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर के अध्यक्ष सुनाराम तेता, उपाध्यक्ष निर्मला कावड़े, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चारामा के अध्यक्ष हिरवेन्द्र साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके साथ ही गौरीशंकर साहू, लक्ष्मीकांत साहू, शिल्पा साहू, रवि साहू, जितेन्द्र साहू, बोधन साहू, रूपराम साहू तथा युवक कांग्रेस कांकेर के कार्यकारी जिलाध्यक्ष महेन्द्र नायक, अमृत देवांगन और सौरभ तारम सहित साहू समाज के लोग कार्यक्रम में शामिल हुए।

## आमापारा में राशन दुकान को लेकर वार्डवासियों ने किया शिकायत

# नियमों की अनदेखी से वार्डवासी परेशान, संचालक हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



आमापारा वार्ड क्रमांक 07 में संचालित उचित मूल्य की राशन दुकान को लेकर अब वार्डवासियों का गुस्सा खुलकर सामने आ गया है। लगातार हो रही अनियमितताओं और उपेक्षा से त्रस्त लोगों ने खाद्य अधिकारी को लिखित शिकायत सौंपते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की है। हालात ऐसे हैं कि हितग्राहियों को न तो समय पर राशन मिल पा रहा है और न ही निर्धारित मात्रा, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

शिकायत पत्र में वार्डवासियों ने स्पष्ट आरोप लगाया है कि राशन दुकान का संचालन तय नियमों के अनुरूप नहीं किया जा रहा। दुकान अक्सर निर्धारित समय पर नहीं खुलती, जिससे कई लोगों को खाली हाथ लौटना पड़ता है। इतना ही नहीं, पात्र हितग्राहियों को तय मात्रा से कम राशन देने की शिकायत भी सामने आई है, जो शासन के नियमों का सीधा उल्लंघन है। इसके अलावा वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता की कमी, आवश्यक सुविधाओं का अभाव और दुकान में साफ-सफाई की खराब स्थिति ने लोगों की नाराजगी और बढ़ा दी है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि संचालक का व्यवहार भी ठीक नहीं है और कई बार अभद्रता का सामना करना पड़ता है, जिससे स्थिति और बिगड़ रही है।

### पार्षद ने उठाया मुद्दा कार्रवाई की चेतावनी

मामले को गंभीरता से लेते हुए पार्षद नरेंद्र साहू ने कहा कि वार्डवासियों के अधिकारों से किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि उन्होंने स्वयं इस मुद्दे को संबंधित अधिकारियों के संज्ञान में लाया है। यदि जल्द सुधार नहीं हुआ, तो कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी और आवश्यकता पड़ने पर उच्च स्तर पर भी शिकायत की जाएगी।

### संचालक को हटाने की मांग तेज

ललित गांधी, गजेंद्र यादव, मनोज सोनी, धर्मेंद्र ठाकुर और मोंटी खटवानी सहित कई वार्डवासियों ने खाद्य विभाग से मांग की है कि वर्तमान संचालक को तत्काल हटाकर किसी जिम्मेदार व्यक्ति को दुकान की जिम्मेदारी सौंपी जाए, ताकि लोगों को समय पर और सही मात्रा में राशन मिल सके।

# दुर्गुकोंदल क्षेत्र में आम की बंपर पैदावार के संकेत



**दुर्गुकोंदल।** क्षेत्र में फलों के राजा आम की फसल प्रचुर मात्रा में देखने को मिल रही है, जिससे किसानों और ग्रामीणों में खासा उत्साह है। पेड़ों पर आम के बौर और फल अच्छी संख्या में दिखाई दे रहे हैं, जिससे बंपर उत्पादन की उम्मीद जताई जा रही है।

स्थानीय जानकारों के अनुसार इस बार मौसम ने आम की फसल का भरपूर साथ दिया है। तेज आंधी, तूफान, अंधड़ और असमय बारिश नहीं होने के कारण पेड़ों पर लगे बौर सुरक्षित रहे और फल बनने की प्रक्रिया बेहतर हुई। यदि आने वाले दिनों में भी मौसम अनुकूल बना रहता है, तो क्षेत्र में आम की रिकॉर्ड पैदावार देखने को मिल सकती है। आदिवासी समाज के संरक्षक जगत राम दुग्गा ने बताया कि इस वर्ष आम की फसल विशेष रूप से अच्छी नजर आ रही है। उन्होंने कहा कि मौसम की अनुकूलता के कारण पेड़ों में फल प्रचुर मात्रा में लगे हैं और यह क्षेत्र के लिए सकारात्मक संकेत है। इससे न केवल किसानों को आर्थिक लाभ मिलेगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर भी फलों की उपलब्धता बढ़ेगी। क्षेत्र में आम का महत्व केवल आर्थिक ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और परंपरागत रूप से भी बहुत विशेष है। आदिवासी समाज में आम के फल का सेवन सीधे पेड़ से तोड़कर नहीं किया जाता, बल्कि इसके लिए पारंपरिक नियमों का पालन किया जाता है। यहां चैतराई पर्व

## पेज 9 के शेष

### सूरज ने उधार के...

(पेज 9 के शेष)

घिस चुके थे, इसलिए उन्हें इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए एक साथी धावक से स्पाइक्स उधार लेने पड़े।पालघर जिले के मोखाडा तालुका के एक छोटे से गांव से आने वाले सूरज की जिंदगी संघर्ष और आत्मनिर्भरता की कहानी है। वारली जनजाति से ताल्लुक रखने वाले सूरज, जो एक दिहाड़ी मजदूर के बेटे हैं और चार बहनों के बाद पैदा हुए पहले बेटे हैं, बचपन से ही आत्मनिर्भर रहे हैं। सरकारी आश्रम शाला में पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने दौड़ना शुरू किया।स्कूल के एक खेल आयोजन के दौरान उन्हें दौड़ने का शौक लगा और तब से यह उनके जीवन का सहारा बन गया। जब सूरज 10वीं कक्षा में थे, उनकी मां घर में गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गईं और अब चल-फिर नहीं पातीं। पिछले साल उनकी एक बड़ी बहन का निधन हो गया और उनके तीन छोटे भाई उनसे मार्गदर्शन और सहारे की उम्मीद रखते हैं।स्कूल पूरा करने के बाद सूरज पढ़ाई और खेल को आगे बढ़ाने के लिए नासिक चले गए, लेकिन शहर में रहना और परिवार का सहारा बनना उनके लिए लगातार चुनौती बना हुआ है।

### 16 लाख के दो ईनामी...

दूरस्थ क्षेत्रों तक विकास योजनाओं की पहुंच तेजी से बढ़ी है। उन्होंने कहा कि डंप बरामदगी और आत्मसमर्पण, दोनों ही सुरक्षाबलों की रणनीति और सरकार की नीति की बड़ी सफलता को दर्शाते हैं। डेडलाइन के आखिरी दिन मिली इस दोहरी सफलता ने यह साफ कर दिया है कि बस्तर अब निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। एक ओर सुरक्षाबल माओवादियों के नेटवर्क को तोड़ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर पुनर्वास की राह ने बंदूक छोड़ने वालों के लिए नई उम्मीद जगाई है।

**पुनर्वास नीति बन रही असरदार :** छत्तीसगढ़ शासन की नक्सलवादी आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों को आर्थिक सहायता, सुरक्षा, कौशल प्रशिक्षण और सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराया जा रहा है। यही वजह है कि अब अधिक संख्या में माओवादी मुख्यधारा में लौटने का निर्णय ले रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### नकुलनार के बृजेश भदौरिया पदोन्नत होकर बने डीएसपी



**नकुलनार।** दंतेवाड़ा जिले के नकुलनार निवासी बृजेश भदौरिया को उप पुलिस अधीक्षक पद पर पदोन्नत किया गया है। खबर सुनकर गांव में लोग खुश हैं। 2008 में पुलिस में भर्ती होने के बाद उन्होंने उत्कृष्ट सेवाएं दीं। उनके कार्यों को देखते हुए 15 नवम्बर 2015 को पहली पदोन्नति मिली। 11 नवम्बर 2020 को केंद्रीय गृहमंत्री द्वारा बेस्ट प्रशिक्षक के पदक से सम्मानित किया गया था। वर्तमान में वे पुलिस ट्रेनिंग सेंटर राजनांदगांव में सेवाएं दे रहे हैं और नए जवानों को प्रशिक्षण देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

### ट्रक के चपेट में आने से स्कूटी सवार की मौत



**भानपुरी।** राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में स्थित भानपुरी करन्दोला चौक पर सोमवार देर शाम तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए स्कूटी सवार शिक्षक को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे स्कूटी सवार शिक्षक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं दो अन्य लोग घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार भानपुरी के साप्ताहिक बाजार की वजह से चौक चौराहे में काफी भीड़भाड़ रहती है। तभी जगदलपुर की ओर से लौह अयस्क चूर्ण लेकर रायपुर की ओर जा रही ट्रक क्रमांक सीजी 04 एनएच 8751 के चालक ने सड़क पार कर रहे दुपहिया सवार शिक्षक को अपनी चपेट में लेते हुए ट्रक को फल दुकान में लेजा घुसा जिससे शिक्षक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई वहीं दो अन्य लोग घायल हो गए। शिक्षक जीवराखन कोसमा उम्र 60 वर्ष निवासी भानपुरी अपनी स्कूटी लेकर किसी काम से बाहर निकले थे तभी यह घटना हो गई। भानपुरी पुलिस घटनास्थल पहुंच ट्रक चालक को गिरफ्तार कर घायलों को तत्काल अस्पताल भेजा एवं शव को कब्जे में लेकर मरचयुरी भिजवाया। घटना की जानकारी मिलते ही कांग्रेस के पूर्व विधायक चंदन कश्यप घटनास्थल पहुंच घटना की जानकारी लेते हुए भानपुरी चौक में बैरिकेड लगाने की मांग की है।



## दरभा ब्लॉक में विकास कार्यों को मिली गति

# विधायक ने किया जल शुद्धिकरण इकाई का शुभारंभ व प्रधानमंत्री आवास का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा





मंगलवार को दरभा क्षेत्र के लिए विकास और जनकल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण दिन रहा, जब क्षेत्रीय विधायक विनायक गोयल ने विभिन्न ग्राम पंचायतों में पहुंचकर कई जनहितकारी योजनाओं का शुभारंभ एवं निरीक्षण किया।

■ संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण करने कहा

इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत पेरमारास के कोकररासपारा में अत्याधुनिक वाटर फिल्टर जल शुद्धिकरण इकाई का विधिवत उद्घाटन किया तथा ग्राम पंचायत करका के माड़ियापारा में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत नए आवास का भूमिपूजन किया। साथ ही क्षेत्र में पेयजल संकट को देखते हुए पानी टैंकरों के सुचारू संचालन का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश भी दिए। कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम पंचायत पेरमारास के कोकररासपारा में जल शुद्धिकरण इकाई के उद्घाटन से हुई। इस वाटर फिल्टर प्रणाली के माध्यम से क्षेत्र में उपलब्ध आयरनयुक्त अशुद्ध पानी को शुद्ध कर सुरक्षित एवं मिनरल युक्त पेयजल में परिवर्तित किया जाएगा।

विधायक ने इस अवसर पर कहा कि स्वच्छ पेयजल हर नागरिक का मूल अधिकार है और इस दिशा में यह पहल क्षेत्रवासियों के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। उन्होंने बताया कि इस तरह की तकनीक ग्रामीण क्षेत्रों में जलजनित बीमारियों को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इसके पश्चात विधायक ग्राम पंचायत करका के माड़ियापारा पहुंचे। जहां उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बनने वाले आवास का भूमिपूजन किया। उन्होंने लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि हर गरीब परिवार को पक्का और सुरक्षित आवास उपलब्ध कराया जाए। इस योजना के माध्यम से न केवल लोगों को बेहतर जीवन स्तर मिलेगा, बल्कि सामाजिक सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य समय-सीमा के भीतर एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। दिनभर के कार्यक्रम के दौरान विधायक गोयल ने क्षेत्र में पानी टैंकरों के संचालन का भी जायजा लिया। उन्होंने सुनिश्चित किया कि जिन क्षेत्रों में जल संकट की स्थिति है, वहां नियमित रूप से पानी की आपूर्ति की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में किसी भी गांव में पेयजल की कमी न होने पाए और इसके लिए आवश्यक सभी प्रबंध समय रहते किए जाएं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि दरभा क्षेत्र का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता है और वे निरंतर जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य एवं केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को मिलकर कार्य करना होगा।

इस पूरे कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष मानकदेई कश्यप, जनपद उपाध्यक्ष हरिप्रसाद कश्यप, जनपद सदस्य रामसाय मौर्य, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष अनंतराम कश्यप, पूर्व पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष लच्छिन यादव पूर्व जिला मंत्री बाबुल नाग, नकुल ठाकुर, महेश बघेल, सिताराम मौर्य, लक्ष्मी मरकाम मुन्नू सिंह एवं अन्य जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में अंकसूची का वितरण





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल करमरी में आज कक्षा एलकेजी से नवमी तथा ग्यारहवीं तक के विद्यार्थियों की अंक सूची का वितरण सुव्यवस्थित एवं गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ।

■ अभिभावकों ने विद्यालय की पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था की सराहना की

इस अवसर पर अभिभावकों को विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, विषयवार प्रदर्शन एवं समग्र मूल्यांकन से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने अभिभावकों के साथ संवाद स्थापित कर विद्यार्थियों की मजबूतियों एवं सुधार के क्षेत्रों पर भी चर्चा की, जिससे बच्चों के बेहतर भविष्य हेतु सकारात्मक दिशा तय की जा सके। इस पहल से विद्यालय में अभिभावक-शिक्षक सहभागिता को और सुदृढ़ करने का प्रयास किया गया। विद्यालय का इस वर्ष भी शत-प्रतिशत परिणाम रहा, जो विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन एवं शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का प्रतिफल है। अभिभावकों ने विद्यालय की पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था की सराहना करते हुए संतोष व्यक्त किया।

विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं तथा उन्हें निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। साथ ही यह भी संदेश दिया गया कि नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं सकारात्मक दृष्टिकोण ही सफलता की कुंजी है।

# नक्सल मुक्त बस्तर के अवसर पर करंदोला में शहीदों को श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानपुरी

नक्सल मुक्त बस्तर की ऐतिहासिक उपलब्धि के उपलक्ष्य में ग्राम करंदोला में वीर शहीद स्व. बोगा राम नाग के शहीद स्मारक स्थल पर दीप प्रज्वलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह अवसर पूरे बस्तर अंचल के लिए गर्व, सम्मान और भावनाओं से भरा हुआ रहा, जहाँ वर्षों के संघर्ष और बलिदान के बाद शांति का नया सवेरा संभव हो पाया है।

ज्ञात हो कि बस्तर को नक्सलवाद से मुक्त कराने के लिए सुरक्षा बलों के जवानों ने अत्यंत कठिन परिस्थितियों में निरंतर संघर्ष किया। घने जंगल, दुर्गम पहाड़ियाँ, बारूदी सुरंगों और घात लगाकर किए गए हमलों के बीच जवानों ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए इस लड़ाई को निर्णायक मुकाम तक पहुँचाया। इस अभियान में 1400 से अधिक वीर जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी, जिनके बलिदान से आज बस्तर में शांति और विकास की नई राह प्रशस्त हुई है।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि आज बस्तर में गोलियों की आवाज की जगह बच्चों की किलकारियाँ सुनाई दे रही हैं। यह बदलाव उन शहीदों के त्याग का परिणाम है, जिन्होंने अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान देकर इस धरती को सुरक्षित बनाया। दीप प्रज्वलन कर ग्रामवासियों ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान वातावरण देशभक्ति और सम्मान की भावना से ओत-प्रोत रहा।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष संतोष बघेल, जनपद सदस्य जमुना ठाकुर, सरपंच संध्या कश्यप, वरिष्ठ ग्रामीण भूषण गुप्ता सहित ग्राम करंदोला के अनेक युवा एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# केंद्रीय राज्य मंत्री बच्चों की प्रतिभा से हुईं प्रभावित

हरिभूमि न्यूज : दंतेवाड़ा



केंद्रीय राज्य मंत्री युवा मामले एवं खेल रक्षा निखिल खडसे ने सक्षम परिसर का दौरा करते हुए आस्था विद्यालय एवं नवगुरुकुल का विस्तारपूर्वक अवलोकन किया।

इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं और नवाचारों की सराहना की तथा बच्चों के समग्र विकास के प्रयासों को प्रेरणादायक बताया। अपने भ्रमण के दौरान सक्षम विद्यालय में मंत्री ने फिजियोथेरेपी कक्ष, शयन कक्ष एवं मेस का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त किया। विद्यालय भ्रमण के दौरान बच्चों ने मनमोहक संगीत प्रस्तुति दी, जिसने सभी का मन मोह लिया। मंत्री ने बच्चों से सीधे संवाद कर उनके अनुभव, पढ़ाई और भविष्य के सपनों के बारे में भी जाना। मंत्री ने 'सक्षम'' की इस समग्र एवं नवाचारी पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास नई पीढ़ी को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए संस्था के प्रयासों की प्रशंसा की। इस क्रम में उन्होंने आस्था विद्यालय में उन्होंने साइंस लैब का भी अवलोकन किया, जहां बच्चों द्वारा किए जा रहे प्रयोगों और वैज्ञानिक गतिविधियों को देखकर उन्होंने विषेष रूप से प्रोत्साहित किया और उनके भावी करियर के बारे में जानना चाहा। इसके पश्चात उन्होंने नवगुरुकुल का दौरा किया, जहां चल रही कोडिंग कक्षाओं को देखा। उन्होंने विशेष रूप से इस पहल की सराहना की कि कैसे बच्चों को कोडिंग के माध्यम से रोजगार से जोड़ा जा रहा है। यहां के विद्यार्थी न केवल तकनीकी ज्ञान प्राप्त कर रहे हैं, बल्कि प्लेसमेंट के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय कंपनियों में रोजगार भी हासिल कर रहे हैं। यह पहल क्षेत्र के युवाओं के लिए नए अवसरों के द्वार खोल रही है।

■ आस्था विद्यालय में साइंस लैब का अवलोकन किया

इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं कलेक्टर देवेष कुमार ध्रुव, पुलिस अधीक्षक गौरव राय, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, डायरेक्टर एसएआई ममता ओझा, पीएस टू एमओएस निशा अनंत, डायरेक्टर स्पोटर्स छत्तीसगढ़ तनुजा सलाम, एपीएस अतुल महाजन, जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद ठाकुर, डीएमसी हरीश गौतम, सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

### खेलों से सकारात्मक बदलाव लाना सरकार की प्राथमिकता: खडसे



केंद्रीय राज्य मंत्री युवा मामले एवं खेल रक्षा निखिल खडसे की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के डंकनी सभाकक्ष में सर्व समाज प्रमुखों के साथ एक महत्वपूर्ण संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। बैठक का उद्देश्य जिले की स्थानीय खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देना तथा उन्हें बेहतर अवसर उपलब्ध कराना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत में जिले में संचालित विकासात्मक गतिविधियों का पावर पॉइंट प्रस्तुतीकरण किया गया, जिसमें स्पोर्ट्स सिटी, हॉर्स राइडिंग, थाई बॉक्सिंग, पर्यटन, डिस्ट्रिक्ट साइंस लैब, 'लक्ष्य' एवं 'छू लो आसमान' जैसी पहलें प्रमुख रूप से शामिल रहीं। इन योजनाओं के माध्यम से युवाओं को खेल एवं कौशल विकास से जोड़ने के प्रयासों को रेखांकित किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि नई पीढ़ी को खेलों से जोड़ना सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। खेल न केवल शारीरिक विकास में सहायक होते हैं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच भी विकसित करते हैं। उन्होंने प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान, प्रशिक्षण सुविधाओं के विस्तार तथा ग्रामीण क्षेत्रों में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया। साथ ही उन्होंने बताया कि 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स' की शुरुआत छत्तीसगढ़ में की गई है, जिससे जनजातीय क्षेत्रों के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर मंच मिल सके। मंत्री ने समाज प्रमुखों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही जिले में खेल संस्कृति को मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने उपस्थित समाज प्रमुखों से सुझाव भी आमंत्रित किए। समाज प्रमुखों ने खेल अधोसंरचना के विकास, प्रशिक्षकों की उपलब्धता और नियमित प्रतियोगिताओं के आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में खेलों के माध्यम से युवाओं को सशक्त बनाने हेतु समन्वित प्रयास करने पर सहमति व्यक्त की गई। इस बैठक के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, सर्व आदिवासी समाज प्रमुख, कलेक्टर देवेष कुमार ध्रुव, पुलिस अधीक्षक गौरव राय, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, डायरेक्टर एसएआई ममता ओझा, पीएस टू एमओएस निशा अनंत, डायरेक्टर स्पोटर्स छत्तीसगढ़ तनुजा सलाम, एपीएस अतुल महाजन, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, एडिशनल एसपी आरके बर्मन सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

## शिक्षा-स्वास्थ्य और मूलभूत सुविधाओं पर जोर, त्वरित समाधान के निर्देश

# कलेक्टर ने लगाई चौपाल, सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा



कलेक्टर अमित कुमार ने मंगलवार को कोंटा विकास खंड के सुदूर वनांचल क्षेत्र नागाराम एवं केरलापेंदा का निरीक्षण कर विभिन्न निर्माण एवं शासकीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।

■ नागाराम व केरलापेंदा सुदूर वनांचल में कलेक्टर ने किया दौरा

इस दौरान उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, राशन वितरण, आवास एवं आधारभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत मुकुन्द ठाकुर, एसडीएम सुभाष शुक्ला, सीईओ जनपद पंचायत कोंटा सुमित ध्रुव, तहसीलदार योपेंद्र पात्रे एसडीओपी दोरनापाल निशांत पाठक, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर अमित कुमार ने निर्माणाधीन माध्यमिक शाला नागाराम का निरीक्षण किया। उन्होंने आगनवाड़ी केंद्र में कार्यकर्ताओं को पोषण ट्रैकर में नियमित एंट्री सुनिश्चित करने, बच्चों को पौष्टिक आहार में हरी सब्जियां देने और शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही भवनों की मरम्मत शीघ्र कराने के साथ ही स्कूलों में बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा। नागाराम में ग्रामीणों को मिल रहे राशन वितरण की जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने हर माह नियमित वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निर्माणाधीन पीडीएस भवन का निरीक्षण कर कार्य को समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने को कहा। साथ ही चिंतलनार से मिलने वाले राशन के भंडारण एवं नागाराम में मई माह से वितरण प्रारंभ करने के निर्देश दिए, जिससे ग्रामीणों को राहत मिलेगी। जल जीवन मिशन के तहत एक सप्ताह के भीतर ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मालेवागु नाला क्षेत्र में मानसून के दौरान आवागमन सुचारू रखने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने फौती नामांतरण प्रकरणों में आदेश के बाद शीघ्र प्रविष्टि दर्ज करने तथा किसानों को ऋण पुस्तिका (किताब) वितरण के निर्देश दिए। ग्रामीणों को आधार कार्ड, बैंक खाता एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज बनाने के लिए प्रेरित किया गया।

### विकास कार्यों पर जोर

नागाराम और केरलापेंदा में आयोजित चौपाल में कलेक्टर अमित कुमार ने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर पीएम आवास, आंगनवाड़ी संचालन, स्कूल व्यवस्था, बिजली, पानी, सड़क एवं राशन जैसी मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने जनगणना में सहयोग की अपील करते हुए सभी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने की बात कही। ग्रामीणों की मांग पर कलेक्टर ने स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र, आंगनवाड़ी एवं अन्य सार्वजनिक संस्थानों में विद्युत कनेक्शन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। तेंदूपत्ता खरीदी सुचारू रूप से संचालित करने और ग्रामीणों के बैंक खाते शत-प्रतिशत खोलने के निर्देश भी दिए। उन्होंने ग्रामीणों की सुविधा के लिए दो सप्ताह के भीतर आवागमन हेतु वाहन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कैंप लगाकर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने को कहा। नागाराम में खेल मैदान समतलीकरण, खेल सामग्री उपलब्ध कराने तथा तालाब गहरीकरण के निर्देश दिए। नवीन पंचायत भवन नागाराम एवं केरलापेंदा के निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर समय-सीमा में पूर्ण करने को कहा।

# किसानों ने सीखी टिकाऊ कृषि की नई तकनीकें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कृषि विज्ञान केंद्र बीजापुर में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम प्राकृतिक खेती पर राष्ट्रीय मिशन के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य किसानों को पर्यावरण अनुकूल और टिकाऊ कृषि पद्धतियों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम का नेतृत्व डॉ. राजकमल पटेल ने किया। इस अवसर पर डॉ. सुनीता पटेल, डॉ. मिथिलेश कुमार, डॉ. भूपेंद्र तराम, डॉ. शमशेर आलम, डॉ. दिनेश माराबी एवं अरविंद आयाम सहित अन्य कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने रासायनिक उर्वरकों के सीमित उपयोग पर जोर देते हुए प्राकृतिक खेती के प्रमुख घटकों जैसे बीजामृत, जीवामृत, घनजीवामृत, नीमास्त्र एवं ब्रह्मास्त्र बनाने और उनके उपयोग की विधियों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन तकनीकों को अपनाने से मृदा की गुणवत्ता में सुधार, फसल उत्पादन में वृद्धि और पर्यावरण संरक्षण संभव है।

# 7000 दीपों की रोशनी से राममय हुआ फुटबॉल ग्राउंड, उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली



लौह नगरी बचेली में हिंदू नववर्ष और प्रभु श्री राम के जन्मोत्सव 'राम नवमी' के अवसर पर भक्ति और श्रद्धा का एक ऐतिहासिक दृश्य देखने को मिला। नगर के फुटबॉल ग्राउंड में आयोजित भव्य दीपोत्सव और महाआरती ने पूरे क्षेत्र को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण फुटबॉल ग्राउंड में 7000 दीपों का प्रज्वलन रहा। जैसे ही शाम ढली, हज़ारों दीपों की लौ से पूरा मैदान जगमगा उठा, जिसे देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो साक्षात अयोध्या नगरी बचेली की धरती पर उतर आई हो। दीप प्रज्वलन के साथ ही प्रभु श्री राम की विशेष महाआरती की गई।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


### नाम परिवर्तन

**प्रारूप (तीन)**

मैं निरधर यादव जिसे बदला जाना है निरघत राम पिता स्व० कमलू राम यादव, निवासी ग्राम रोंजे, तहसील गीदम, जिला द०ब० दन्तेवाडा, छ०ग० एतदद्वारा मैं पूर्णतः पुष्टि करता हूँ तथा निम्नानुसार घोषित करता हूँ कि :-

1. मैं छत्तीसगढ़ का स्थायी निवासी हूँ।
2. मेरा पुराना नाम निरधर यादव (NIRDHAR YADAV) है और मैं अपना नाम बदलकर निरघत राम (NIRGHAT RAM) करवाना चाहता हूँ।
3. मेरे पुराने नाम से किसी भी न्यायालय में कोई भी प्रकरण लंबित नहीं है और न ही किसी बैंक में ऋण की राशि शेष है।
4. मैं नाम बदलकर यदि कोई, गैर कानूनी काम करता हूँ तो उसके लिए मैं पूर्णतः स्वयं जिम्मेदार रहूंगा।
5. मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशों हवास में रहकर हस्ताक्षर कर रहा हूँ तथा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ।

**आवेदक**
**निरधर यादव**

### न्यायालय तहसीलदार फ्रेजरपुर जिला बस्तर छ.ग.

**// उद्घोषणा //**

रा.प्र.क्र.- 202603152500040/
ब-121/2025-2026
साकिन- हाटकचोरा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राजू बेला पिता मंगलराम बेला जाति बेला निवासी अब्दुल कलाम वार्ड, हाटकचोरा तहसील जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप अपने पुत्र रिशब बेला पिता राजू बेला के शिक्षण कार्य हेतु जारी करने बाबत आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या कोई संस्था को किसी प्रकार का दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय के आगामी पेशी तिथि 15-04-2026 तक दावा/आपत्ति पेश कर सकते है, म्याद पश्चात प्राप्त दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार**
**फ्रेजरपुर जिला बस्तर**

## खबर संक्षेप

### भोथीपार में रामायण आज व जातरा मेला 2 को

**धमतरी।** ग्राम भोथीपार में 1 अप्रैल एवं 2 अप्रैल को दो दिवसीय धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत 1 अप्रैल को रामायण कार्यक्रम के साथ होगी, जिसमें श्रद्धालु भक्तिभाव से रामायण पाठ, भजन-कीर्तन एवं धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेंगे। 2 अप्रैल को पारंपरिक जातरा मेला का आयोजन किया जाएगा। इसी दिन रात्रि में छत्तीसगढ़ी ममा-भांचा नाचा पार्टी खोकसा की मनमोहक प्रस्तुति होगी।

### स्पार्किंग से हाईटेंशन तार टूटा, मीटर जला

**धमतरी।** शहर के व्यस्ततम गोल बाजार क्षेत्र स्थित भारत वस्त्रालय के सामने सोमवार को एक बड़ा हादसा टल गया। लंबे समय से विद्युत पोल में हो रही स्पार्किंग के बीच अचानक तेज चिंगारी उठने से हाईटेंशन तार टूट गया और दुकान के बाहर लगा बिजली मीटर जलकर खाक हो गया। स्थिति गंभीर हो सकती थी, लेकिन आसपास मौजूद व्यापारियों और स्टाफ ने तत्परता दिखाते हुए रेत डालकर आग पर काबू पा लिया। धमतरी चेंबर ऑफ कॉमर्स ने विद्युत विभाग से तत्काल सुधार की मांग की है।

### तेज रफ्तार स्कार्पियो की टक्कर से बाइक चालक की मौत

**धमतरी।** तेज रफ्तार स्कार्पियो ने बाइक को ठोकर मार दी। इस घटना में गंभीर रूप से घायल बाइक चालक की मौत हो गई । अस्पताल पुलिस के अनुसार प्रकाश कुमार दर्रो पिता शिवलाल उम्र 28 वर्ष ग्राम आमाडुला जिला बालोद निवासी रविवार को काम के सिलसिले में बाइक से अपने चाचा सतीश दर्रो के यहां ग्राम पुरी गया था। काम निपटाकर प्रकाश बाइक से घर आमाडुला लौट रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार स्कार्पियो क्रमांक सीजी 19 बीक्यू 3331 के चालक ने ग्राम आमाडुला के गोटीपारा के पास उसकी बाइक को जोरदार ठोकर मार दी। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए चारामा अस्पताल ले जाया गया। जहां से रिफर करने पर घायल को मसीही अस्पताल पहुंचाया गया। घायल की गंभीर हालत को देखते हुए डाक्टर ने उसे रायपुर रिफर कर दिया। घायल को उपचार के लिए एंबुलेंस से रात्रि में ही रायपुर ले जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में घायल की हालत ज्यादा खराब होने पर मसीही अस्पताल लाया गया जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया।







### दिगंबर समाज और श्वेतांबर समाज की निकली भव्य शोभायात्रा

# संतों ने जियो और जीने दो का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



शहर में श्री ओसवाल जैन श्वेतांबर समाज एवं दिगम्बर समाज द्वारा तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव को पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। मंगलवार की सुबह आकर्षक झांकियां के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में शामिल जैन समाज के लोग अपनी पारंपरिक वेशभूषा में भगवान महावीर के संदेशों की तख्तियां लिए चल रहे थे, भगवान महावीर की भजनों पर श्रद्धालु झूमते नाचते चल रहे थे। शहर में विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महोत्सव का शुभारंभ सुबह 6 बजे प्रभात फेरी के साथ हुआ। यह धर्मनाथ जिनालय से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गों जिसमें मेन रोड, गोलबाजार और जैन मंदिर रोड का भ्रमण करते हुए पुनः जिनालय में संपन्न हुई। इसके पश्चात धर्मनाथ जिनालय एवं सीमंधर स्वामी जिनालय में विधि-विधान से प्रक्षालन पूजा संपन्न की गई। उन्होंने बताया कि इसके बाद युवाओं के उत्साह को देखते हुए ओसवाल भवन से एक मोटर साइकिल रैली निकाली। महोत्सव का मुख्य आकर्षण सुबह 9 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली, इस दौरान भगवान महावीर के जियो और जीने दो के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया। शाम को आकर्षक भजनों एवं नृत्य की प्रस्तुति समाज के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसे लोगों ने काफी साराहा। महावीर जयंती के अवसर पर चौक चौराहों को आकर्षक झांकियां एवं विद्युत बल्ब और झालरों से सजाया गया है।

## महोत्सव में गायकों ने मधुर प्रस्तुतियों से बांधा समां

जगदलपुर। भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में सोमवार को स्थानीय वाटर फ्रंट सोसाइटी में अखिल भारतीय खरतरगच्छ महिला संगठन के तत्वावधान में भव्य धार्मिक तंबोला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के अनेक प्रतिभाशाली गायकों ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से समां बांध दिया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय एवं उत्साहपूर्ण हो उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात मंगलाचरण एवं गणेश वंदना की आकर्षक प्रस्तुतियों ने सभी उपस्थितजनों को भावविभोर कर दिया। धार्मिक तंबोला प्रतियोगिता को रोचक बनाने हेतु तारिका कोचर, याशी टाटिया एवं दीपिका मालू ने गीतों के माध्यम से विशेष प्रस्तुति दी, जिसे सभी ने सराहा। कार्यक्रम का सफल संचालन मंजू लुंकड़, पायल लुंकड़ एवं सुनीता बाफना द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्ष रितु लूनिया ने भगवान महावीर के सिद्धांतों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। समाज के महासचिव अनिल कागोत ने महावीर जयंती के आगामी आयोजनों की जानकारी प्रदान की। अंत में पवन मोदी ने समाज की तरफ से एवं खरतरगच्छ महिला मंडल से श्वेता लूनिया ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रितु लूनिया, संतोष दुग्गड़, निशा बोथरा, मंजू दुग्गड़, श्वेता बरड़िया, निशा



कोचर, मौली दुग्गड़, सीमा टाटिया, डॉली बुरड़, प्रियंका बाफना, शर्मिला दुग्गड़, किरण ललवानी,कविता दुग्गड़ एवं किरण टाटिया का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में भाग्यशाली प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ भंवर बोथरा, पारसमल कागोत, विमल बोथरा, जसराज बाफना, प्रकाश बाफना एवं मनोहर लूनिया, देवीचंद संचेती, नरेंद्र ढेलड़िया, संदीप पारख, विपिन बोथरा, विनोद बैद, संजय मिन्नी, पवन मोदी, देवेंद्र टाटिया सहित बड़ी संख्या में समाजजन शामिल रहे।

## सीईओ के शासकीय आवास में मिला 6 फीट लंबा धामन सांप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिला पंचायत बस्तर के सीईओ प्रतीक जैन के शासकीय आवास में 6 फीट लंबा धामन (रैट स्नेक) सांप मिला। इसकी सूचना वहां मौजूद चौकीदारों द्वारा तत्काल वन विभाग को दी गई, जिस पर वन विभाग बस्तर की विशेष वाइल्डलाइफ रेस्क्यू टीम द्वारा धामन सांप को सुरक्षित रेस्क्यू कर उसे सुरक्षित रहवास में छोड़ गया। बस्तर वन मंडल के डीएफओ उत्तम कुमार गुप्ता ने बताया कि इस मौसम में रैट स्नेक मेटिंग करते हैं, जिसके कारण कई जगहों पर एक से अधिक सांप लोगों को देखने को मिलते हैं। यह सांप पूर्ण रूप से विषहीन है तथा इससे इंसानों को किसी प्रकार का कोई खतरा नहीं है। यह सांप चूहे खाने की प्राकृतिक मशीन की तरह काम करता है और इंसानी बस्ती के आसपास चूहे की आबादी पर नियंत्रण रखता है, जिससे कई प्रकार की बीमारियां जो चूहों द्वारा इंसानों तक पहुंचती है, उससे इंसानों का बचाव होता है। इस सांप को इसके चूहे खाने की काबिलियत के कारण किसानों का मित्र भी कहा जाता है। छत्तीसगढ़ में पाए जाने वाले लगभग सभी सांप वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत संरक्षित हैं तथा इन्हें किसी प्रकार के नुकसान पहुंचाना तथा इन्हें पकड़ कर खेल या इसका प्रदर्शन करना पूर्णतः गैरकानूनी है। ऐसा करते पाए जाने पर 3 से 7 साल तक की सजा और जुर्माना या दोनों हो सकता है।

## विजेता खिलाड़ियों को मिला मेडल...



**जगदलपुर।** खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के विजेता खिलाड़ियों को केंद्रीय राज्य मंत्री रक्षा निखिल खड़से ने मेडल प्रदान किया। इस अवसर पर महापौर संजय पांडेय, कमिश्नर डोमन सिंह, संचालक खेलो इंडिया मयंक श्रीवास्तव, कलेक्टर आकाश छिकारा, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, संचालक खेल विभाग तनुजा सलाम, जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन सहित उपस्थित रहे।



## जनसमस्याओं को लेकर विधायक की पदयात्रा- रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण एवं शहर) के तत्वावधान में बस्तर विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपनेता प्रतिपक्ष लखेश्वर बघेल के नेतृत्व में क्षेत्र की जनसमस्याओं को लेकर एक

- विधायक लखेश्वर बघेल के नेतृत्व में होगा आंदोलन

विशाल पदयात्रा एवं रैली का आयोजन किया गया है। इस पदयात्रा के माध्यम से बस्तर विधानसभा क्षेत्र के अंतिम छोर तक पहुंचकर आम जनता की समस्याओं को सुनते हुए शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया है। इस दौरान जगदलपुर स्थित कलेक्ट्रेट कार्यालय में धरना-प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपने का भी कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया है। न्याय पदयात्रा की शुरुआत बस्तर विधानसभा के अंतिम छोर ग्राम चारगांव, पंचायत तारेका, मोहलई, वनकोमार, टेम्पल कोमार, बड़े जीराखाल, डिमरापाल एवं जैबेल से की गई द्वितीय दिवस की पदयात्रा जैबेल, कोलेबेड़ा, छिंदगांव, चोकनार, चिउरगांव, करपावंड, डोंगरीगुड़ा, मटनार, बोरीगांव, करंजी एवं मूली होते हुए रात्रि विश्राम तक जारी रही।तृतीय दिवस में पदयात्रा मूली से प्रारंभ होकर पंडानार, मोहलई, बेड़ाउमरगांव, बोरपदर, डोंगरीगुड़ा एवं कुदाल तक पहुंचेगी, जहां रात्रि विश्राम किया जाएगा वहीं चतुर्थ दिवस 1 अप्रैल को कुदालगांव से प्रातः 11 बजे जगदलपुर के लालबाग के लिए प्रस्थान किया जाएगा।

## बस्तर में योग-आयुर्वेद के प्रति बढ़ी जागरूकता वार्षिक बैठक में विस्तार की बनी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पतंजलि भारत स्वाभिमान न्यास छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में तक्षशिला परिसर में बस्तर संभाग की वार्षिक बैठक एवं दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में पतंजलि योग समिति द्वारा संचालित योग शिक्षक प्रशिक्षण के अंतर्गत 103 नव प्रशिक्षित योगशिक्षकों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। समारोह की शुरुआत वैदिक देव यज्ञ के साथ हुई,जिसके पश्चात सभी योगशिक्षकों ने फिट बस्तर-हिट बस्तर अभियान के तहत आगामी 21 अप्रैल से नगर के 21 स्थानों पर 21 दिवसीय इंटीग्रेटेड मेगा योग शिविर आयोजित करने का संकल्प लिया।

बैठक में बस्तर संभाग के सातों जिलों में योग एवं आयुर्वेद के विस्तार पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रस्तुत वार्षिक प्रतिवेदन में बताया गया कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में नियमित योग कक्षाओं और शिविरों के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा मिल रहा है। नई योग कक्षाओं के संचालन के साथ-साथ पूर्व से संचालित कक्षाओं को भी और अधिक सुदृढ़ किया जा रहा है। इस दौरान समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ते हुए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने की रणनीति पर भी सहमति बनी।

कार्यक्रम में पतंजलि योगपीठ हरिद्वार की सदस्यता को लेकर भी उत्साह देखा गया,जहां कोसगुम्डा के एक सदस्य द्वारा एक लाख रुपये का योगदान कर आजीवन सदस्यता ग्रहण की गई, वहीं एक अन्य सदस्य ने ढाई लाख रुपये देकर पैट्रन सदस्यता ली।

## सरल तरीके से बोंसाई विकसित करने की प्रक्रिया समझाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, जगदलपुर के वनस्पति शास्त्र विभाग द्वारा राष्ट्रीय

- दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में बोंसाई कार्यशाला का आयोजन

शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत संचालित स्किल एन्हांसमेंट कोर्स - गार्डनिंग एवं फ्लोरीकल्चर के तहत बोंसाई कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला विज्ञान भवन के स्मार्ट क्लासरूम में दोपहर 1:30 बजे से आयोजित की गई।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में दुर्ग के प्रसिद्ध बोंसाई विशेषज्ञ एवं पर्यावरण प्रेमी अभय खनंग उपस्थित रहे। खनंग पिछले लगभग 40 वर्षों से बोनसाई क्षेत्र में सक्रिय हैं तथा उनके पास 35 वर्ष पुराने बोनसाई पौधों का समृद्ध संग्रह है। वे छत्तीसगढ़ हार्टीकल्चर सोसायटी, दुर्ग के सक्रिय सदस्य रह चुके हैं तथा दुर्ग, भिलाई एवं रायपुर में आयोजित विभिन्न फ्लावर शो में उनके बोनसाई पौधों को पुरस्कार प्राप्त हो चुका है। उनके संग्रह में बोनसाई के साथ-साथ कैक्टस एवं सक्युलेंट्स सहित लगभग 300 प्रकार के पौधे शामिल हैं। वे विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में कार्यशालाएं आयोजित कर विद्यार्थियों को इस कला एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित करते रहे हैं।

खनंग ने विद्यार्थियों को बहुत ही सरल, सहज एवं प्रभावी तरीके से बोंसाई विकसित करने की संपूर्ण प्रक्रिया को चरणबद्ध ढंग से समझाया। उन्होंने उपयुक्त पौधों का चुनाव, मिट्टी मिश्रण, गमले की तैयारी तथा पौधों के उचित पोषण एवं देखभाल के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ ही उन्होंने बोंसाई के विभिन्न प्रकारों जैसे फॉर्मल, इनफॉर्मल एवं कैस्केड शैलियों का परिचय कराया। उन्होंने पौधों में होने वाले सामान्य रोगों, कीटों के आक्रमण तथा उनके जैविक एवं रासायनिक नियंत्रण के उपायों को भी विस्तार से बताया।

## कर्तव्यनिष्ठ, समर्पित व उत्कृष्ट कार्यशैली के अधिकारी रहे नेताम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कर्तव्यनिष्ठा, समर्पित एवं उत्कृष्ट कार्यशैली के अधिकारी जागेश्वर लाल नेताम रहे और अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन बखूबी

- वन विभाग में अधीक्षक रहे जागेश्वर लाल को दी विदाई

निभाया। सेवाकाल में सेवानिवृत्त होना एक स्वभाविक है। उक्त बातें वन विभाग जगदलपुर वृत्त के सीसीएफ आलोक कुमार तिवारी ने विभाग के अधीक्षक जागेश्वर लाल नेताम के सेवानिवृत्त पर विदाई समारोह में कही। वे लगभग 28 साल पदस्थ रहे और जहां कार्य रहे वहां के लोगों ने जो प्यार दिया। नेताम ने तालमेल बनाकर काम करने का काम किया है। वक्ताओं ने सेवानिवृत्त अधीक्षक के कुशल जीवन की कामना की। समारोह में चारों मंडल के वन मंडलाधिकारी, एसडीओ सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे।

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

पुख्ता साक्ष्य व मजबूत पैरवी के चलते नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को कड़ी सजा दिलाने में धमतरी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। न्यायालय ने आरोपी को 20 वर्ष के सश्रम कारावास से दण्डित किया है।

- पुलिस को मिली पाक्सो एक्ट में बड़ी सफलता

पुलिस के अनुसार सिटी कोतवाली थाना में वर्ष 2024 में धारा 137-2, 87, 65-1 बीएनएस एवं धारा 6 पाक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था। इस मामले में आरोपी पंकज कुमार



निषाद पिता फागूराम उम्र 25 वर्ष सदर दक्षिण वार्ड रानीबगीचा रोड धमतरी निवासी के विरूद्ध न्यायालय में प्रस्तुत साक्ष्यों एवं गवाही के आधार पर दोष सिद्ध हुआ। न्यायालय द्वारा आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारवास एवं 3 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। कोतवाली प्रभारी राजेश मरई एवं तात्कालिक विवेचनाधिकारी एएसआई मछेन्द्र साहू द्वारा अत्यंत गंभीरता, सूक्ष्मता एवं पेशेवर दक्षता के साथ विवेचना की गई। प्रकरण में साक्ष्यों का वैज्ञानिक तरीके से संकलन, गवाहों के बयान एवं अन्य महत्वपूर्ण तथ्यों का सुदृढ़ रूप से न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जिसके परिणाम स्वरूप आरोपी पंकज निषाद को कठोर सजा दिलाने में सफलता प्राप्त हुई। इस उत्कृष्ट कार्य के लिये पुलिस अधिकारी द्वारा विवेचनाधिकारी को नगद पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया जायेगा, जिससे अन्य अधिकारियों को भी उत्कृष्ट कार्य के लिये प्रेरणा मिलेगी। धमतरी पुलिस द्वारा महिला एवं बाल संरक्षण से संबंधित अपराधों के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति अपनाते हुए त्वरित, निष्ठा व प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

### जंगली सुअर के हमले से महिला सहित चार घायल

**धमतरी।** जंगली सुअर ने गांव में घुसकर एक महिला सहित चार लोगों पर हमला कर दिया। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार समीपस्थ ग्राम आनंदपुर थाना पुरुर में रविवार की सुबह एक जंगली सुअर पहुंच गया। सुअर ने गांव की बस्ती में घूम-घूमकर लोगों पर हमला करने लगा। इससे गांव में हड़कंप मच गया। इसी दौरान गांव की चंपाबाई पति वेदप्रकाश 54 वर्ष अपने घर में बैठकर खाना खा रही, तभी जंगली सुअर उसके घर में घुस गया। सुअर ने खाना खा रही महिला पर हमला बोल दिया। सुअर गांव में अन्य तीन लोगों को घायल कर चुका था। इस घटना में महिला सहित चार लोग घायल हो गए। घटना में महिला के पैर में गंभीर चोट लगी है। घायलों को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को वार्ड में भर्ती किया गया। जंगली सुअर के आतंक से भयभीत ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द ही सुअर के आतंक से राहत दिलाई जाए। घायल महिला सहित अन्य घायलों को मुआवजा दिया जाए।

